अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

ATAL BIHARI VAJPAYEE VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH)

website: www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक / 3376 / परीक्षा–गोपनीय / 2019 दिनांक 20/09/2019

–:: अधिसूचना ::–

सत्र 2019–20 में अटल बिहारी वाजपेयी, विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग एवं अटल बिहारी वाजपेयी, विश्वविद्यालय से संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय (गैर–प्रतिबंधित) महाविद्यालयों में स्नातक / स्नातकोत्तर / डिप्लोमा पाठ्यक्रमो में नवप्रवेशित नियमित एवं अटल बिहारी वाजपेयी, विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में प्रथम बार सम्मिलित होने वाले नियमित परीक्षार्थियों का नामांकन विश्वविद्यालय के परीक्षा पोर्टल **http://exam.bucgexam.in**के माध्यम से ऑनलाईन कराया जाना है। ऑनलाईन नामांकन आवेदन करने एवं नामांकन शुल्क के ऑनलाईन भुगतान हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित किया जाता है–

क्रमांक	विवरण	तिथि
01	ऑनलाईन नामांकन प्रारंभ होने की तिथि	23 / 09 / 2019 से
02	ऑनलाईन नामांकन प्रारंभ होने एवं बिना विलंब नामांकन शुल्क रूपये 300 / – के साथ नामांकन की अंतिम तिथि	23 / 09 / 2019 से 15 / 10 / 2019 तक
03	ऑनलाईन नामांकन की अंतिम तिथि (नामांकन शुल्क रूपये 300 / – के अतिरिक्त विलंब शुल्क रूपये 500 / – के साथ)	16 / 10 / 2019 से 21 / 10 / 2019 तक
04	छात्र / छात्राओं द्वारा ऑनलाईन नामांकन आवेदनों की हार्ड कापी, ऑनलाईन शुल्क भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य / आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संबंधित महाविद्यालय / शिक्षण विभाग में जमा करने की तिथि	23 / 09 / 2019 से 22 / 10 / 2019 तक
05	**(महाविद्यालयों हेतु निर्देश)** छात्र / छात्राओं द्वारा ऑनलाईन नामांकन आवेदनों की सूची (**Enrollment Return 2018-19**) पोर्टल से डाउनलोड कर सूची के क्रम में नामांकन आवेदनों की हार्ड कापी, ऑनलाईन शुल्क भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य / आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति विधिवत अग्रेषित करते हुए विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग में जमा करने की तिथि	24 / 10 / 2019 से 02 / 11 / 2019 तक

टीपः– **(i) नियमित छात्र–छात्राओं का नामांकन आवेदन पत्र भराया जाना महाविद्यालयों की जिम्मेदारी होगी।**

(ii) ऑनलाईन नामांकन की अंतिम तिथि (विलम्ब शुल्क रूपये 500 / –) के साथ दिनांक 21.10.2019 के बाद भी अगर छात्र–छात्राएं आवेदन करने से वंचित रह जाते हैं तो ऐसी स्थिति में वंचित छात्र–छात्राओं का आवेदन पत्र भराया जाना संभव नहीं होगा एवं इसकी जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालयों की होगी।

1. महाविद्यालय / शिक्षण विभाग को संबंधित विषय / पाठ्यक्रम हेतु विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त सीट संख्या के अनुसार ही नामांकन आवेदन स्वीकार किया जायेगा। अतः महाविद्यालय इसका विशेष ध्यान रखें।
2. नामांकन आवेदनों के अग्रेषण हेतु नामांकन शुल्क के अतिरिक्त अग्रेषण शुल्क पृथक से महाविद्यालय / शिक्षण विभाग द्वारा नहीं लिया जायेगा।

क्रमशः 2 पर.....

3. नामांकन आवेदन के अग्रेषण से पूर्व संस्था प्रमुख/प्राचार्य/प्रभारी अधिकारी यह सुनिश्चित कर लेवें कि संबंधित छात्र/छात्रा संबंधित कक्षा/परीक्षा में सम्मिलित होने की समस्त न्यूनतम अर्हताओं को पूर्ण करते हैं।
4. नामांकन आवेदन में किसी भी तरह की त्रुटि होने पर संपूर्ण जवाबदारी संबंधित छात्र/छात्रा एवं अग्रेषणकर्ता अधिकारी की होगी। **महाविद्यालय./शिक्षण विभाग द्वारा उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि के पश्चात नामांकन आवेदन विश्वविद्यालय में जमा किये जाने पर प्रति दिवस रूपये 1000/– की दर से विलंब शुल्क देय होगा।**
5. नामांकन आवेदन करने हेतु विस्तृत दिशानिर्देश पृथक से जारी किये जा रहे है।
6. किसी भी प्रकार की समस्या/कठिनाई होने पर प्रथमतः अपने महाविद्यालय/शिक्षण विभाग के प्राचार्य/शिक्षकों से संपर्क करें। महाविद्यालय स्तर पर समस्या/कठिनाई का निराकरण नहीं होने पर विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग में संपर्क करें।

आदेशानुसार

20.9.19

कुलसचिव
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

पृ. क्रमांक/3377 परीक्षा–गोपनीय/2019 दिनांक 20/09/2019

प्रतिलिपिः–

1. माननीय कुलपति महोदय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
2. परीक्षा नियंत्रक/वित्ताधिकारी/सहायक कुलसचिव (गोपनीय/वित्त/अकादमी/भंडार), अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर, को सूचनार्थ।
3. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ प्रेषित। कृपया महाविद्यालय के सूचना पटल पर छात्र/छात्राओं के अवलोकन हेतु चस्पा करावें एवं छात्र/छात्राओं को उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक ऑनलाईन नामांकन करने हेतु सूचित करें।
4. समस्त विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ प्रेषित। कृपया अपने विभाग के सूचना पटल पर छात्रों के अवलोकन हेतु चस्पा करावें एवं छात्र/छात्राओं को उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक ऑनलाईन नामांकन करने हेतु सूचित करें।
5. अनुभाग अधिकारी/कक्ष प्रभारी (परीक्षा/अकादमी/भंडार), अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. संपादक, दैनिक............................समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ सूचनार्थ कि छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में को अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)